BABA MASTNATH UNIVERSITY

ASTHAL BOHAR, ROHTAK

Public Relations Office

Name of the Publication .... HARI BHOOMI ....

Date 24/01/2025 ...... Page ...... 12 ...... Column ...... 02 ......

Subject ...... शोध समाज के मुद्दों का समाधान खोजने की प्रक्रिया

शोध समाज के मुद्दों का समाधान खोजने की प्रक्रिया

- बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में रिसर्च मेथडोलॉजी एवं पब्लिकेशन एथिक्स पर आयोजित शैक्षणिक प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

रोहतक। शैक्षणिक प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित शोधार्थियों के साथ कुलपति प्रो. (डॉ.) एच एल वर्मा व अन्य शिक्षकगण।

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेंटर द्वारा आयोजित दो माह तक चलने वाले शैक्षणिक प्रशिक्षण कार्यक्रम रिसर्च मेथडोलॉजी एवं पब्लिकेशन एथिक्स बुधवार को संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शोधार्थियों, फैकल्टी सदस्यों तथा उच्च शिक्षा से जुड़े विद्यार्थियों को अनुसंधान की गुणवत्ता, प्रक्रिया, विधियों एवं प्रकाशन के नैतिक मूल्यों से परिचित कराना रहा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में शोध के विविध पहलुओं पर गहन सत्र आयोजित किए गए, जिनमें रिसर्च डिजाइन एवं मेथडोलॉजी, डेटा संग्रहण एवं विश्लेषण तक़नीक, साहित्य समीक्षा, संदर्भ लेखन, शोध नैतिकता, प्लैजियारिज़्म से बचाव, जर्नल चयन, इंपैक्ट फैक्टर की समझ, स्कोपस एवं लिस्टेड जर्नल्स, फर्जी, प्रिडेटरी जर्नल्स की पहचान जैसे अत्यंत उपयोगी विषयों को सम्मिलित किया गया। कुलपति प्रो. (डॉ.) एचएल वर्मा ने कहा कि शोध केवल अकादमिक अनुष्ठान नहीं है, यह समाज के वास्तविक मुद्दों का समाधान खोजने की प्रक्रिया है। इस एक माह के शैक्षणिक कार्यक्रम में देशभर से लगभग 200 शोधार्थियों ने भाग लिय। समापन समारोह में विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के डीन, प्रो. विनोद कुमार, प्रो. नवीन कुमार, सह-समन्वयक प्रो. अरुणा अंचल, विश्वविद्यालय आईक्यूएसी निदेशक प्रो. अरूप गिरी आदि उपस्थित रहे।